


नवभारत 04
इंदौर, बुधवार, 03 दिसम्बर 2025


एक नजर में

## रचनाकार त्रिवेणी की सदस्यों ने किया काव्यपाठ



**इंदौर.** मुट्ठी से रेत की तरह फिसलता जा रहा एक और साल कैलेंडर से और जीवन से भी, इन पंक्तियों से मंजुला भूतड़ा ने फूल नहीं रंग बोलते हैं विषय पर आधारित काव्य पाठ आयोजन का संचालन प्रारंभ किया. कैनरीज आर्ट गैलरी में रचनाकार त्रिवेणी की 30 सदस्यों ने योगेन्द्र सेठी की नुमाया पेंटिंग्स के बीच शब्दों के रंग से खूबसूरत समाँ बांधा. सभी कवयित्रियों ने अपने मनोभाव व्यक्त किए. मीना गोदरे ने अपनी कविता में कहा जो बारूद न कर पाए, वह कागज कलम करेंगे. आशा जाकड़ ने कहा जो रूठे हैं उन्हें मना लेना, भूली बिसरी यादें सजा लेना कीर्ति सिंह गौड ने, आओ यात्रा करते हैं रंग-बिरंगे साल की, शोभारानी तिवारी ने कहा र्षित बेला, पुलकित तन मन, नववर्ष का स्वागत है. संजू पाठक आओ बात करें विगत वर्ष की, खट्टी मीठी, कुछ हर्ष की ममता तिवारी, नई भोर को आमंत्रित कर धरती को प्रकाशमान करें सीमा बंगलोवाला, जीवन चलता नहीं, रंगता है जिन्दगी को, डॉ स्वाति सिंह, फूल नहीं रंग बोलते हैं, डॉ आरती वर्मा मैं शब्दवंशी हूं, कुछ खास लाई हूं, निशा चतुर्वेदी, श्रुति चौधरी, नवनीत जैन, प्रभा तिवारी, मीना अग्रवाल आदि ने भी काव्य रचनाएं पढ़ी. मणिमाला शर्मा ने प्रार्थना की, योगेन्द्र सेठी ने अपनी कला यात्रा बताई एवं रवींद्र व्यास ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी.

## व्हीलचेयर डांस शो आज माथुर सभागृह में

**इंदौर.** जैन सोशल ग्रुप इंदौर मैन की ओर से 2 दिसंबर सोमवार की शाम को 6 बजे अनस्टापैबल व्हील चेयर डांस शो का आयोजन विजय नगर स्थित आंनद मोहन माथुर सभागृह में किया जा रहा है. संस्था अध्यक्ष एवं पर्यावरणविद् डॉ. शंकर लाल गर्ग ने बताया कि इस शो में बेंगलूरु का एबिलिटी अनलिमिटेड ग्रुप विशेष प्रस्तुति देगा. इस शो में में 15 से अधिक कलाकार मूकबधिर है, जो मंच पर गीता, रामायाण, श्रीगणेश स्तुति व दुर्गा पाठ की अनूठी प्रस्तुति देंगे. इस शो में मूक बधिर संस्थाओ के बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल होगा. यह ग्रुप पूर्व में राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के समक्ष भी प्रस्तुति दे चुका है. यह शो अपनी अदम्य क्षमता के लिए जाना जाता है. 2 दिसम्बर के शो में बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चे शामिल रहेंगे. इस शो के आयोजन प्रदेश मे और भी जगह होंगे.

## पैनासोनिक ने धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**इंदौर.** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने भारत के सबसे प्रसिद्ध क्रिकेटिंग आइकन और दुनिया भर में कैप्टन कूल के नाम से मशहूर एमएस धोनी को भारत में अपने एयर कंडीशनर पोर्टफोलियो के नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया है. धोनी निरंतरता, संयम और उच्च क्षमता वाले प्रदर्शन का उदाहरण देते हैं, ऐसे गुण जो अगली पीढ़ी के कूलिंग समाधानों की कहानी करने की पैनासोनिक की विरासत को प्रतिबिंबित करते हैं. धोनी का स्वागत करते हुए तदाशी चिबा, एमडी और सीईओ, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने कहा, यह साझेदारी साझा मूल्यों का प्रतिबिंब है. धोनी का शांत नेतृत्व और भरोसेमंद प्रदर्शन इस भावना को दर्शाता है. धोनी सिर्फ स्टार पावर ही नहीं, बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं से गहरा जुड़ाव भी लाते हैं. हम मिलकर भारत में पैनासोनिक की यात्रा का एक यादगार अध्याय लिखने की उम्मीद करते हैं. महेंद्र सिंह धोनी ने कहा मेरे लिए यह साझेदारी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह साझा मूल्यों को दर्शाती है - विश्वास, विश्वसनीयता, समाज के प्रति योगदान और लगातार बेहतर बनने की इच्छा.

## स्कोडा ने भारत में 5 लाख गाड़ियां बेचीं

**इंदौर.** स्कोडा ऑटो इंडिया भारत में अपनी ग्रोथ जारी रखे हुए है, भारत में अपनी एंट्री के बाद से 5 लाख यूनिट्स की बिक्री का लैंडमार्क पार कर लिया है. अपनी सिल्वर जुबली में, ब्रैंड पहले ही कई मंथली, क्वार्टरली और एनुअल माइलस्टोन हासिल कर चुकी है और 2025 के आखिरी से पहले महीने में, ब्रैंड ने देश में 5,491 यूनिट्स बेचीं, जो पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 90% साल-दर-साल रिकॉर्ड ग्रोथ रहा. ग्रोथ पर कमेंट करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर, आशीष गुप्ता ने कहा हमारा बढ़ता नेटवर्क, हमारी वैल्यू-ड्रिवन ओनरशिप ऑफरिंग, और बड़ा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो मुख्य ड्राइविंग फोर्स रहे हैं, जिन्होंने हमारी 5 लाख लैंडमार्क सेल्स और हर महीने हमारी लगातार साल-दर-साल सेल्स ग्रोथ को बढ़ाया है। हम अपने प्रोडक्ट्स के साथ और अपने कस्टमर्स और अपने फैंस के करीब जाकर इस मोमेंटम को बनाए रखेंगे.

## एयू बैंक ने रणबीर-रश्मिका को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**इंदौर.** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की घोषणा की है. एयू एसएफबी जल्द ही दोनों एंबेसडरों की उपस्थिति के साथ 360-डिग्री इंटिग्रेटेड मीडिया कैम्पेन लॉन्च करेगा. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा रणबीर और रश्मिका भारत के अलग-अलग क्षेत्रों और विभिन्न दर्शक वर्गों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ाव रखते हैं. उनकी मौजूदगी हमें युवा पेशेवरों, नए उभरते उद्यमियों और देशभर के परिवारों तक अपने संदेश को और अधिक स्पष्टता व भरोसेमंद तरीक़े से पहुँचाने में मदद करेगी। जल्द लॉन्च होने वाला हमारा 360-डिग्री कैम्पेन टीवी, डिजिटल और प्रिंट के माध्यम से न केवल हमारे उत्पादों की क्षमता को दर्शाएगा, बल्कि एयू द्वारा बेहतरीन ग्राहक अनुभव देने के हमारे वादे को भी और मजबूत करेगा.

## पाम ऑयल व भ्रामक लेबल्स पर गलतफहमियां दूर कीं

**इंदौर.** खाद्य तेलों को लेकर उपभोक्ताओं के बढ़ते भ्रम और ऑनलाइन प्रसारित हो रही गलत सूचना के बीच, मलेशियन पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) ने एक नई छह-भाग की पॉडकास्ट सीरीज़ लॉन्च की है, जिसका उद्देश्य भारतीय परिवारों को सोच-समझकर, विज्ञान-आधारित विकल्प अपनाने में मदद करना है. यह सीरीज़ एमपीओसी की पहले की डिजिटल पहलों पर आधारित है, जिन्होंने मलेशियन पाम ऑयल के पीछे के पोषण, विज्ञान और सस्टेनेबिलिटी को सरल बनाकर लाखों भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाई थी. इस सीरीज़ के पहले दो पॉडकास्ट एपिसोड में पोषण विशेषज्ञ और क्रिएटर लीमा महाजन को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. यह पॉडकास्ट रसोई की सुलभ बातचीत को साक्ष्य-आधारित जानकारियों के साथ मिलाता है, जो स्वास्थ्य, आहार वसा, स्थिरता और भ्रामक मार्केटिंग लेबलों पर केंद्रित है. प्रत्येक एपिसोड व्यापक रूप से प्रसारित मिथकों को तोड़ता है और श्रोताओं को रोजमर्रा के खाना पकाने के लिए स्पष्ट, व्यावहारिक सुझाव प्रदान करता है.

## कलेक्टर, निगम आयुक्त पहुंचे हाईकोर्ट पेशी पर

इंदौर. बीआरटीएस की रैलिंग हटाने को लेकर जनहित याचिका सुनवाई में आज कलेक्टर और निगम आयुक्त पेश हुए. हाईकोर्ट को दोनों अधिकारियों ने कोर्ट में एक तरफ की रेलिंग 15 में हटाने का जवाब पेश किया. हाईकोर्ट ने मामले में वकीलों की एक कमेटी भी गठित करने के आदेश दिए है. बीआरटीएस सड़क की रेलिंग हटाने में देरी और यातायात व्यवस्था बिगड़ने को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने जनहित याचिका दायर की थी. उक्त याचिका में प्रशासन और नगर निगम की लापरवाही को आधार बनाया गया है, जिसमें शहर की जनता परेशान हो रही है. याचिका की सुनवाई में हाईकोर्ट ने कलेक्टर और निगम आयुक्त को पेशी पर तलब किया था. आज हाईकोर्ट में उक्त मामले में कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव दोनों पेशी पर उपस्थित हुए. सुनवाई के दौरान जस्टिस विनोद कुमार शुक्ला और विनय कुमार द्विवेदी ने अधिकारियों से जवाब मांगा कि भोपाल में 3 दिन में बीआरटीएस हट गया था. यहां तीन महीने में भी नहीं हटाया जा सका है? इस पर दोनों अधिकारियों ने 15 दिन में एक तरफ की रेलिंग हटाने का जवाब पेश किया. साथ ही कारण बताया कि एजेंसी तय होने में देरी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है.

# खैर लकड़ी के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**झाबुआ, मंगलवार सुबह लगभग 05:45 बजे मुखबिर द्वारा वनपरिक्षेत्र अधिकारी, थांदला को खैर की लकड़ी के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी तोला राम हटीला द्वारा वन अमले का गश्ती एवं चेकिंग दल गठित कर पेटलावद-अगराल मार्ग पर ग्राम झोसर के पास तैनात किया गया।**

प्रात: लगभग 06:00 बजे चेकिंग के दौरान एक सफेद वाहन तेज गति से पेटलावद की ओर से आता दिखाई दिया। दल द्वारा वाहन को रोककर निरीक्षण किया गया, जिसमें वाहन क्रमांक स्क्र05 त 7108 से खैर प्रजाति की गीली लकड़ी भरी हुई पाई गई।

वाहन चालक ने अपना नाम आशीष पिता प्रभु भाभोर, निवासी अंतर्वेलिया, तहसील झाबुआ बताया तथा परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए।



उक्त कार्रवाई वनमंडलाधिकारी झाबुआ अमित वसंत निकम एवं उपवनमंडलाधिकारी झाबुआ एस.एल. यादव के मार्गदर्शन में की गई। मौके से वाहन एवं लगभग 0.990 घन मीटर (55 नग) गीली खैर लकड़ी को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41, 52, 67 एवं मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम 2022 के उपनियम 3, 9, 10, 14, 16 के तहत प्रकरण क्रमांक 2013/18 दिनांक 02/12/2025 दर्ज किया गया।

प्रारंभिक जांच में पाया गया कि गीली खैर लकड़ी कचरू पिता बुहारीया कटारा, निवासी झोसर माता पाड़ा, तहसील पेटलावद की निजी भूमि तथा आसपास की अन्य निजी एवं शासकीय भूमि से बिना अनुमति काटी गई है, जो म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6) के साथ-साथ मध्यप्रदेश आदिम जनजाति संरक्षण (वृक्षों में हित) अधिनियम 1999 एवं 2017 का उल्लंघन है।

जब्त वाहन का स्वामी शंभू लाल, निवासी ग्राम 69 कुआंझागर, पोस्ट मुंदरी, जिला रतलाम पाया गया। कार्यवाही में संलिप्त आरोपी वाहन चालक आशीष तथा अन्य राकेश एवं पान सिंह को हिरासत में लेकर वन परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया तथा वाहन को राजसात की कार्रवाई हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में प.स. अमरगढ़ तारसिंह भाभर, वन रक्षक कसु डामोर, प्रेमसिंह चारेल (पेटलावद), राकेश भाभर का विशेष योगदान रहा।

# जिले की सुख-शांति एवं खुशहाली हेतु प्रार्थना की

- श्री सिद्धपीठ भैरव मंदिर पर मोक्षदा एकादशी पर एक दिवसीय अखंड श्री रामचरितमानस पाठ का हुआ आयोजन

**झाबुआ। शहर के रातीतलाई स्कूल के समीप श्री सिद्धपीठ भैरव मंदिर पर मास की प्रत्येक एकादशी पर श्री रामायण मंडल झाबुआ द्वारा अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ के क्रम में 1 दिसंबर, सोमवार को मोक्षदा एकादशी पर भी अखंड श्री रामायण पाठ रखा गया। जिसमें मंडल के सदस्यों एवं शहर के भक्तजनों ने पाठ की चौपाईयों का संगीतमय, समधुर, वाद्य यंत्रों के साथ वाचन किया। पाठ की पूर्णाहूति पर श्रीराम दरबार एवं श्री हनुमानजी महाराज की विशेष आरती कर प्रसादी वितरण हुआ।**

जानकारी देते हुए श्री सिद्धपीठ भैरव मंदिर के सेवक हर्ष सक्सेना ने बताया कि 1 दिसंबर, सोमवार शाम 4 बजे से मंदिर में पाट पर श्रीराम दरबार एवं श्री हनुमानजी महाराज की सुंदर विराजमान कर विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन आचार्य पं. दशरथनंदन जानी ने संपन्न करवाई। पूजन का लाभ यजमान के रूप में जितेन्द्र बामनिया ने लिया। बाद संगीतय समधुर तरीके से श्री रामायण पाठ की चौपाईयों का वाचन श्री रामायण मंडल के वरिष्ठ सदस्यों में बाबुलाल पंचाल, राधेश्याम परमार 'दादुभाई', मनोज सोनी, हरिभाई सतोगिया, भंवरसिंह पंवार, शांतिलाल चौहान, गोपालसिंह चौहान, कृष्णकांत शर्मा, रमेशचन्द मालवीय, युवा मयंक पांडे, तनिष्क राणावत आदि ने किया। यह पाठ अनवरत अगले दिन 2 दिसंबर मंगलवार दोपहर 2 बजे तक चला।

**वरिष्ठजनों एवं मातृ शक्तियों ने भी की सहभागिता**-श्री रामायण पाठ में श्री रामायण मंडल से जुड़ी मातृ शक्तियों में वरिष्ठ राधा परमार, सावित्री बारिया, निकीता बघेल, मीना टेलर, विनीता सोलंकी ने शामिल होकर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं श्री भैरव चालीसा का पाठ किया। वहीं 81 वर्षीय नारायणसिंह राठौर ने सत्त 4 घंटे बैठकर श्रीरामचरितमानस पाठ की चौपाईयों का वाचन कर धर्म के प्रति अपनी अगाध आस्था को प्रकट किया। श्री रामायण पाठ की संपूर्ण व्यवस्था में विशेष सहयोग कुलदीप पंवार, जितेन्द्र बामनिया, रिंकू राठौर एवं हर्ष सक्सेना आदि का रहा।



### फल एव मिष्ठान का प्रसाद वितरित किया गया

श्री रामायण मंडल के आचार्य पं. दशरथनंदन जानी ने बताया कि यह पाठ भगवान श्रीराम एवं श्री हनुमानजी महाराज से जिले की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना को लेकर रखा गया। पाठ की पूर्णाहूति पर मंगलवार दोपहर 2 बजे श्री रामायणजी की विशेष आरती की गई। आरती का लाभ मंडल के सभी सदस्यों एवं शहर के भक्तजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लिया। बाद सभी को फल एवं मिष्ठान का प्रसाद वितरित किया गया। आचार्य पं. दशरथनंदन जानी ने बताया कि अगला श्री रामायण पाठ 4 दिसंबर, गुरूवार को नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर में सुबह 10 बजे से रखा गया है। जिसमें मंडल के सभी सदस्यों एवं शहर के भक्तजनों से समयानुसार पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है।



## श्री राज हेमेन्द्र पुष्प आयंबिल खाता भवन में साध्वी अनुभवदृष्टा श्रीजी एवं सौम्यरत्ना श्रीजी का हुआ मिलन

### आपस में धर्म चर्चा की गई

**झाबुआ।** गच्छाधिपति परम पूज्य आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय हितेषचंद्र सूरीश्वरजी मसा की आज्ञानुवर्तिनी एवं पपू विदुषी साध्वी तत्वदर्शना श्रीजी मसा की सुशिष्या साध्वी श्री सौम्यरत्ना श्रीजी मसा आदि ठाणा-5 का 2 दिसंबर मंगलवार अलसुबह 5 बजे फुलमाल विहारधाम से विहार कर श्री ऋषभदेव बावन जिनालय आगमन हुआ। बावन जिनालय में साध्वीश्री आदि ठाणा-5 द्वारा श्री ऋषभदेव भगवान एवं विश्व पूज्य दादा गुरूदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी मसा के दर्शन-वंदन पश्चात् यहां से श्री गोडी पार्श्वनाथ मंदिर में श्री गौड़ी पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन का लाभ लिया। बाद श्रीराज पुष्प हेमेन्द्र आयंबिल खाता भवन पधारे।

जानकारी देते हुए श्वेतांबर जैन श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि साध्वी सौम्यरत्ना श्रीजी आदि ठाणा-5 ने विघ्नहार विहार धाम फुलमाल पर आसपास के ग्रामीण अंचलों के बच्चों से ज्ञान चर्चा की एवं बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार और धर्म से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। बच्चों द्वारा साध्वीश्री के दर्शन लाभ लिए गए। इसके अलावा दिनभर साध्वी श्रीजी आदि ठाणा के दर्शन-वंदन के लिए समाजजनों का आना-जाना लगा रहा। साध्वीश्री आदि ठाणा-5 का मंगलवार सुबह झाबुआ आगमन के दौरान उनके विहार में श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता, मनोज जैन 'नाकोड़ा', प्रतीक मुथा, अनिल रूनवाल, सौरभ पोखरना आदि शामिल हुए।

पुष्प आयंबिल खाता भवन में हुई धर्म चर्चा

साध्वी सौम्यरत्ना श्रीजी आदि ठाणा एवं साध्वी अनुभवदृष्टा श्रीजी आदि ठाणा का पुष्प आयंबिल खाता भवन में मिलन हुआ। इस दौरान साध्वीगणों में आपस में धर्म चर्चा की।



# जीवन की अनंत कला है गीता का ज्ञान

**इंदौर.** जेल प्रशासन द्वारा सब जेल देपालपुर परिसर में आयोजित गीता जयंती समारोह में मुख्य अतिथि तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि गीता जयंती का यह पावन अवसर जीवन में सत्कर्म, आत्मनियंत्रण और कर्तव्यपरायणता को स्थापित करने का संकल्प दिलाता है.

जिला न्यायाधीश श्री खान ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रसिद्ध वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य का अधिकार केवल अपने कर्म पर है, फल पर नहीं. निष्काम कर्म ही व्यक्ति को वास्तविक सफलता और संतोष प्रदान करते हैं. श्री खान ने आगे कहा कि गीता का ज्ञान मनुष्य को अपने मन का स्वामी बनना सिखाता है, और यही जीवन जीने की अनंत कला है जो हर परिस्थिति में सही मार्ग दिखाती है. कार्यक्रम के दौरान चौबीस अवतार मंदिर देपालपुर के आचार्य पंडित ईशान शर्मा ने सभी बंदियों के साथ श्रीमद्भगवद्गीता के पंद्रहवें अध्याय 'पुरुषोत्तम योग' का प्रभावी एवं भावपूर्ण वाचन किया. संचालन योग गुरु डॉ. इंदर सिंह राठौर ने किया. आभार प्रदर्शन सहायक जेल अधीक्षक आर.एस. कुशवाह ने किया.

# नशा मुक्ति एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**झाबुआ, कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार तथा सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक श्री पंकज साँवले के मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं एवं नशा मुक्ति के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।** शासकीय कलापथक दल की कलाकार कुसुम भूरिया एवं सुमन सलाम द्वारा ग्राम नौगांवा, सजेली, जुलवानिया, काकनवानी, खेड़ी, पारा सहित स्कूलों एवं हाट-बाजारों में जनसामान्य को विभाग की प्रमुख योजनाओं वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, कन्या अभिभावक योजना एवं नि:शक्त विवाह सहायता आदि की जानकारी दी गई। कलाकार दल ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि जिन हितग्राहियों की पेंशन विभिन्न कारणों से रुकी हुई है, वे अपनी केवाईसी अद्यतन कराकर पुन: पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।




कार्यक्रम के दौरान युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने संदेश दिया कि नशे से दूरी बनाएं और जीवन से प्यार करें, ।

एक नजर में ▶ अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव पर श्री चारभुजनाथ मंदिर में भागवत गीता के 12 से 18वें अध्याय का हुआ सामूहिक पाठ

# भगवान श्रीकृष्ण द्वारा भागवत गीता में दिए उपदेशों को जीवन में अंगीकार करने का सभी ने लिया सामूहिक संकल्प

**झाबुआ।** स्थानीय प्राचीन श्री चारभुजानाथ मंदिर पर गीता जयंती समारोह समिति द्वारा चल रहीं तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का 1 दिसंबर, सोमवार को अंतिम दिवस रहा। अंतिम दिवस शाम 6 से 7.15 बजे तक श्रीकृष्ण भक्तों ने मंदिर परिसर में बैठकर गीता के 12 से लेकर 18वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर आचार्य पं. विश्वनाथ शुक्ल ने 12 से 18वें अध्याय का भक्तों को संक्षिप्त में सार बताया। समापन बेला पर गीता जयंती समारोह समिति ने आचार्य पं. विश्वनाथ शुक्ल का शाल-श्रीफल से सम्मान किया।



जानकारी देते हुए गीता जयंती समारोह समिति के वरिष्ठ सदस्य राधेश्याम परमार 'दादुभाई' ने बताया कि गीता जयंती महोत्सव के तृतीय दिवस भागवत गीता के 12 से लेकर 18वें अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरूक्षेत्र में निर्भिक होकर रणभूमि में डटे रहने और युद्ध में जीत हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। साथ ही बताया है कि युद्ध में मन में किंचित भी भय नहीं रखकर रण क्षेत्र में लक्ष्य हमेशा जीत का होना चाहिए। 12 से 18वें अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जीवन की वास्तविकता से भी अवगत करवाया है, जो प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। सभी भगवतप्रेमियों द्वारा 12 से 18वें अध्याय का सामूहिक पाठ करने के बाद आचार्य पं. विश्वनाथ शुक्ल ने कहा कि हम सभी ने भागवत गीता के जो 18 अध्याय का वाचन किया है, उस भागवत सार को हम सभी को अपने जीवन में उतारने का आज संकल्प लेना है। भागवत गीता में ज्ञान का अपार भंडार है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से संवाद करते हुए मनुष्य जीवन के लिए सहीं राह दिखाई है। भगवान की त्रिगुणात्मक शक्ति सत्व, रज, तम में जहां भगवान स्वयं निर्लिप्त है। ऐसे ही मनुष्य को भी जीवन में इन गुणों में निर्लिप्त होकर गुणातीत अवस्था को प्राप्त करना है।

### आचार्य पं. विश्वनाथ शुक्ल का किया सम्मान

भागवत गीता पाठ शाम 6 से 7.15 बजे तक चला। बाद सभी ने सामूहिक रूप से श्री चारभुजानाथ भगवान एवं श्रीमद् भागवत गीता की सामूहिक आरती कर प्रसादी वितरण हुआ। समापन अवसर पर गीता जयंती समारोह समिति द्वारा आचार्य पं. विश्वनाथ शुक्ल का शाल-श्रीफल से अभिनंदन किया गया। वहीं श्रीकृष्ण भक्तों की ओर से भी पं. विश्वनाथ शुक्ल का सम्मान करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की गई। समापन अवसर पर संचालन गीता जयंती समारोह समिति के वरिष्ठ सदस्य राधेश्याम परमार 'दादुभाई' ने किया।

**मनुष्य जन्म अच्छे धर्म और कर्म के लिए मिला है**-आचार्य पं. शुक्ल ने बताया कि गीताजी के 15वें अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं अपना पता बताया है और कहते है कि मैं प्रत्येक प्राणियों के ह्रदय में निवास करता हूँ, और सभी प्राणी मात्र मेरा अंश है। हाथी से लगाकर चिंटी तक भी मेरे द्वारा निर्मित है। प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ योनी मनुष्य की है। मनुष्य जन्म में हम अच्छे धर्म और कर्म करके इस जीवन को सार्थक बना सकते है। शास्त्रोक्त विधि से कर्म करके मनुष्य अपने जीवन से मुक्ति पा सकता है। आचार्य पं. शुक्ल ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को मोह-माया के जाल में नहीं फंसाना है तथा राग, द्वेष और घृणा आदि विकारों से दूर रहकर श्रेष्ठ जीवन जीकर अपने मनुष्य जीवन को वास्तविक रूप से सार्थक बनाकर श्रेष्ठ अवस्था को प्राप्त करना है।